पहली बार मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर हुआ बिहार, 8.46 लाख टन हुआ उत्पादन

चर्चा में क्यों?

2 मई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार बिहार में वर्ष 2022-23 में कुल मछली उत्पादन 8 लाख 46 हज़ार टन हुआ। 2021-22 में 7.61 लाख टन की तुलना में यह 85 हज़ार टन अधिक है।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि बिहार में सालाना 8.02 लाख टन मछली की ज़रूरत रहती है।
- बिहार पशु व मत्स्य संसाधन विभाग ने मछली उत्पादन का आँकड़ा तैयार किया है, जिसके अंतर्गत मधुबनी में सबसे अधिक 88.96 हज़ार टन, जबकि जहानाबाद में सबसे कम 1.55 हज़ार टन उत्पादन हुआ है।
- पहली बार बिहार ने ज़रूरत से अधिक मछली का उत्पादन कर लिया है। अभी तक राज्य में मछली की ज़रूरत को पूरा करने के लिये लगभग 800 करोड़ की मछली आंध्र प्रदेश एवं राज्यों से मंगाना पड़ता था।
- अब उत्पादन अधिक होने से मत्स्य व्यापारी दूसरे राज्यों में अधिक मछली भेजने में भी सफल होंगे।
- उल्लेखनीय है कि बिहार से मछली का निर्यात पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल और नेपाल भी किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-self-sufficient-fish-production-for-the-first-time-production-lakh-tonnes